सर्वोच्च प्राथमिकता
परम गोपनीय

पत्रांक- 624 /के0च0प0

संचिका संख्या -08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 01/2024(भाग-2)

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना-800001

01/07/24

प्रेषक,

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार

दिनांक- **29.06.2024**

प्रसंग :- इस कार्यालय का पत्रांक 435/के0च0प0 दिनांक 09.05.2024

**विषय :- केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की निर्धारित तिथि क्रमशः 07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024 एवं 28.08.2024 को एक पाली में आयोजित कराने हेतु परीक्षा केन्द्र के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस में 'सिपाही' के **रिक्त 21,391 (इक्कीस हजार तीन सौ इक्यान्वे)** पदों पर चयन के लिए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित की जायेगी । लिखित परीक्षा हेतु संबंधित जिलाधिकारी अपने जिला के लिए परीक्षा संयोजक (Exam co-ordinator) मनोनीत किये जाते हैं।

(2) इस संबंध में लिखित परीक्षा राज्य के सभी जिलों में आयोजित कराये जाने की तिथि क्रमशः **07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024 एवं 28.08.2024** निश्चित है, जिसमें लिखित परीक्षा एकल पाली में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएगी -

| **दिनांक** | **पाली** | **परीक्षा अवधि (दो घंटे)** | अभ्यर्थियों **का** रिपोर्टिंग **टाईम** |
|---|---|---|---|
| 07.08.2024 (बुधवार) | एकल पाली | **12:00** बजे **मध्याह्न** से **02:00** अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11.08.2024 (रविवार) | एकल पाली | 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |
| 18.08.2024 (रविवार) | एकल पाली | 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |
| 21.08.2024 (बुधवार) | एकल पाली | 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |
| 25.08.2024 (रविवार) | एकल पाली | 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |
| 28.08.2024 (बुधवार) | एकल पाली | 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न | 09:30 बजे पूर्वाह्न |

पर्षद कार्यालय का प्रसांगिक पत्रांक 435/के0च0प0 दिनांक 09.05.2024 के आलोक में उपलब्ध कराये गये परीक्षा केन्द्रों में से चयनित जिलावार परीक्षा केन्द्रों की सूची अभ्यर्थियों की संख्या सहित अनुलग्नक 'क' के रूप में संलग्न की जा रही है। परीक्षा से संबंधित निर्देश अलग से प्रेषित किये जायेंगे।

(3) चयनित परीक्षा केन्द्रों का भौतिक रूप से द्विस्तरीय निरीक्षण यथा – पुलिस एवं दण्डाधिकारी सहित करा लिया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था चहारदिवारी, प्रवेश द्वार आदि का जायजा भी ले लिया जाए तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/बल की प्रतिनियुक्ति करने की कृपा की जाए। साथ हीं उपलब्ध कराये जा रहे परीक्षा केन्द्रों की सूची के अनुरूप चयनित परीक्षा केन्द्रों पर यदि कहीं मरम्मत की आवश्यकता हो तो उसे भी पूर्ण करा लिया जाए।

(4) कृपया सुनिश्चित हों लेंगे कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए पर्याप्त संख्या में योग्य केन्द्राधीक्षक, सहायक केन्द्राधीक्षक, वीक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। इनकी नियुक्ति के पूर्व यह सुनिश्चित हो लेना आवश्यक है कि **इन सबों का कोई वार्ड/संबंधी उन्हीं के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी न हो,** साथ ही वे योग्य एवं स्वच्छ छवि के हों तथा उनके विरूद्ध परीक्षा संबंधी अथवा अन्य किसी तरह के कदाचार का मामला लंबित न हो।

(5) परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएँ यथा- सी0सी0टी0वी0, जैमर, बॉयोमेट्रिक एवं फोटोग्राफी की जाएंगी जिनके उपयोग के लिए बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए । बिजली की व्यवस्था हेतु जेनरेटर का भाड़ा पर्षद द्वारा स्वीकृत मानदेय में अलग से भेजा जाएगा।

(6) लिखित परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री यथा - प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक सीधे जिला मुख्यालय में अवस्थित कोषागार को आपके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराये जाएंगे। उक्त सामानों को बज्रगृह में सुरक्षित रखने हेतु स्थान का निर्धारण ससमय कर लिया जाए तथा द्विस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था एवं सी0सी0टी0वी0 आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

**अनुलग्नक :- यथोपरि।**

विश्वासभाजन,

Jitendra 29.06.24

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार

प्रतिलिपि :-

1. **पुलिस महानिदेशक,** बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
2. **अपर मुख्य सचिव,** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
3. **सभी प्रमंडलीय आयुक्त,** बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
4. **सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप-महानिरीक्षक, बिहार** को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
5. **सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार** को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त तिथियों को परीक्षा के अवसर पर शांति /विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त बल की प्रतिनियुक्ति तथा उक्त परीक्षा हेतु बनाये गये पर्षद के संपर्क पदाधिकारी (पुलिस उपाधीक्षक) को कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करेंगे।

Jitendra 29.06.24

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार

**समाहरणालय, समस्तीपुर**

**( जिला गोपनीय प्रशाखा )**

**ज्ञापांक :** 3688 **/सी.जी., समस्तीपुर, दिनांक :-**30 **वीं जून, 2024.**

**प्रतिलिपि :** कृपया पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** अनुमंडल पदाधिकारी/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी संबंधित परीक्षा केन्द्रों का भौतिक रूप से द्विस्तरीय निरीक्षण यथा- पुलिस एवं दंडाधिकारी सहित करा लिया जाय तथा सुरक्षा व्यवस्था, चहारदिवारी, प्रवेश द्वार आदि का जायजा भी ले लिया जाय तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ एक सप्ताह के अंदर भेजने की कृपा की जाय।

**प्रतिलिपि :** भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर-सह-नोडल पदाधिकारी, सिपाही भर्त्ती परीक्षा/ नजारत उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर/ वरीय कोषागार पदाधिकारी, समस्तीपुर को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी संबंधित केन्द्राधीक्षकों को इसकी प्रति उपलब्ध कराते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने हेतु निदेश देने की कृपा की जाय।

**विशेष कार्य पदाधिकारी,**
**जिला गोपनीय प्रशाखा, समस्तीपुर।**

29/06/24.

ज्ञापांक 2003 / समस्तीपुर / दिनांक 02/07/24

प्रतिलिपि:- जिले में निर्धारित सभी केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। उन्हें निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा के पूर्व पत्र में अंकित निदेश के तहत तैयारी करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
02/07/24 समस्तीपुर।

| Sl. No. | District | Centre Sl. No. | Name & Address of Centre | Allotted | Name & Designation of centre superintendent | Mobile No/ Telephone No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 357 | SAMASTIPUR (Total No. of Centres17) | 1 | +2 TIRHUT ACADEMY, SAMASTIPUR. | 640 | A. H. RAHMANI, I.H.M. | 9470626155 |
| 358 | | 2 | GOVT. +2 SRI KRISHANA HIGH SCHOOL,JITWARPUR, SAMASTIPUR | 630 | MD. FAIYAZZAMAN SIDDIQUI | 9934420604 |
| 359 | | 3 | HOLY MISSION HIGH SCHOOL, MOHANPUR, SAMASTIPUR. | 600 | AMRIT RANJAN | 8105249527 |
| 360 | | 4 | MODEL INTER SCHOOL, BAHADURPUR, WARD NO.-21, SAMASTIPUR, 848101 | 528 | LALIT RAJAK, | 9939807544 |
| 361 | | 5 | CENTRAL PUBLIC SCHOOL, TAJPUR ROAD, SAMASTIPUR. | 528 | MD.ARIF | 9931927140 |
| 362 | | 6 | VIDHI MAHAVIDALAYA, SAMASTIPUR | 504 | DR. SANJAY KUMAR | 9430458030 |
| 363 | | 7 | BABA VISHWANATH KEDARNATH VIMLA COLLLEGE, RMAPUR DUDHPURA, SAMASTIPUR | 500 | DR. AMRITA KUMARI | 7004667434 9430489061 |
| 364 | | 8 | RAJKIYAKRIT BALIKA +2 SCHOOL, KASHIPUR, SAMASTIPUR. 848101 | 400 | MEERA KUMARI, I.H.M. | 8709109303 |
| 365 | | 9 | GOLF FIELD RAILWAY COLONY UCCHA MADHYAMIK VIDYALAYA, SAMASTIPUR. | 400 | SHAH ZAFAR IMAM | 9471400728 |
| 366 | | 10 | TECHNO MISSION SCHOOL MOHANPUR, SAMSTIPUR | 360 | AMAR KANT LAL | 7091170056 |
| 367 | | 11 | KRISHANA ADARSH VIDYA NIKETAN, BALBHADARPUR, DUDHPURA, SAMSTIPUR | 320 | KRISHANA KUMAR SINGH | 9931203774 |
| 368 | | 12 | S.I.K.S.D. GIRL'S HIGH SCHOOL, GHOSH LANE, SAMASTIPUR. | 312 | RAM NARESH JHA, | 9199945706 |
| 369 | | 13 | UC. UCCH . MADHYAMIK SCHOOL SHAMBHUPATTI, SAMSTIPUR | 312 | SATISH KUMAR | 9534998865 |
| 370 | | 14 | U.M.S. HARPUR ALOUTH, SAMASTIPUR | 312 | HARSBARDAN PRASAD | 6204079998 |
| 371 | | 15 | ALFA MADHYA VIDALAY B. ALOTH, SAMSTIPUR | 288 | RAVINDAR KUAMAR CHAUDHARY | 9801833645 |
| 372 | | 16 | UCCH MADHYAMIK VIDALALAY MOHANPUR, SAMASTIPUR | 288 | AMAR KUMAR SINGH | 7563817474 |
| 373 | | 17 | ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL SHAMBHUPATTI, TAJPUR ROAD, SAMSTIPUR | 240 | PRANAV SHARMA | 9155222224 |
| | **Sub Total -** | | | **7162** | | |

| Sl. No. | District | Centre Sl. No. | Name & Address of Centre | Allotted | Name & Designation of centre superintendent | Mobile No/ Telephone No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 374 | SAHARSA (Total No. of Centres11) | 1 | R. M. COLLEGE, SAHARSA. | 1000 | DR. AMARNATH CHAUDHARY, PRINCIPAL | 6204654634 |
| 375 | | 2 | M. L. T. COLLEGE, SAHARSA. | 800 | DR.AJAY KUMAR SINGH, PRINCIPAL | 7631869021 |
| 376 | | 3 | EKLAVYA CENTRAL SCHOOL SULENDABAD, SAHARSA. | 700 | DILIP KUMAR YADAV, PRINCIPAL | 9431091748 |
| 377 | | 4 | ZILA SCHOOL, SAHARSA. | 800 | SRI KAPILDEV YADAV, INCH. HM. | 8405039905 |
| 378 | | 5 | S. N. S. R. K. S. COLLEGE, SAHARSA. | 600 | DR. ASHOK KUMAR SINGH, PRINCIPAL | 9523055781 |
| 379 | | 6 | MANOHAR HIGH SCHOOL BAIJNATHPUR, SAHARSA | 360 | RAJESH KUMAR INCH. HM | 9931660653 |
| 380 | | 7 | MANOHAR H. S., V.I.P. ROAD, SAHARSA | 500 | SANJAY KUMAR JHA INCH. HM | 79797185839, 8102127389 |